# भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.
## अवध प्रान्त








# अवध विहान

## डिजिटल पत्रिका

अंक–त्रयोविंशतिः पुष्प, नवम्बर 2023

# अवध–विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर–खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



देश–दीपोत्सव पर्व पर सभी दीपक जलाकर बहुत खुश होते हैं। क्योंकि दीपावली का त्यौहार कोई आम त्यौहार नहीं है, केवल यही एक त्यौहार है, जो एक साथ कई त्योहारों को साथ लाता है। इसमें पांच त्यौहार होते है। पहला कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी के दिन धनतेरस का होता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि का जन्मदिन होता है, जो लोगों को निरोगी काया प्रदान करते हैं। उसके बाद चतुर्दशी को नरक चौदस के रूप में मनाते हैं इस दिन राक्षस नरकासुर का वध हुआ था अर्थात बुराई की हार हुई थी। तत्पश्चात अमावस्या के दिन दीपावली का त्यौहार आता है। इस दिन मां लक्ष्मी घर में आती है और सुख समृद्धि लाती है। आज के इस भौतिक युग में बिना धन के कुछ भी कर पाना संभव नहीं है। उसके अगले दिन प्रतिपदा को अन्नकूट या गोवर्धन पूजा होती है। इस दिन भगवान इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका पर गोवर्धन पर्वत को उठाया था अर्थात हमें कभी घमंड नहीं करना चाहिए। पांचवा और अंतिम त्यौहार भाई दूज का होता है। भाई दूज, यम द्वितीया भाई–बहन के स्नेह व विश्वास का त्योहार है। इस प्रकार यह पांचो त्योहारों का कार्यक्रम होता है जो हमें जीवन में संयम बरतने से लेकर प्यार करने तक की शिक्षा देता है। परंतु आज के भौतिक युग में हम अपनी परंपरा को पीछे करके नित्य नए तरीके अपना रहे हैं जिसका परिणाम बड़ा ही घातक होता जा रहा है। हम दीपक जलाते थे तो हानिकारक कीट पतंगों का नाश होता था, वातावरण सुगंधित हो जाता था। आज दीपक का स्थान बिजली की झालरों ने ले लिया है। खुशियों का इजहार करने के लिए एक दूसरे को मिठाइयां बांटते थे। अब मिठाई का स्थान पटाखे ने ले लिया है, जो वातावरण को दूषित कर रहे हैं। कभी – कभी यह पटाखे जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। सभी पाठकों से मेरा यह आग्रह है कि दीपावली के दिन हम अपने अंदर अज्ञान रूपी अंधेरे को ज्ञान रूपी प्रकाश से दूर करें और इस त्यौहार को अपनी परंपरा के अनुसार मना कर जीवन में खुशियां लाएं।

जब प्रेम के दीपक जलते हो

सपने जब सच में बदलते हो

मन में हो मधुरता भावों की

जब लहके फैसले चावों की

उत्साह की आभा होती है

उस रोज दिवाली होती है ।

सभी को दीपावली की बहुत–बहुत शुभकामनाएं।

**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**

**प्रधान सम्पादक**

**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**

**लखीमपुर–खीरी**

# लखनऊ संकुल




## क्षेत्रीय खेलकूद का आयोजन किया गया



लखनऊ। विद्या भारती के पूर्व उत्तर प्रदेश क्षेत्र के 34वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं वैदिक वाद्य यंत्रों के वादन के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ शिवकुमार , खेल निदेशक डॉ आर. पी. सिंह के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अतिथि परिचय एवं स्वागत भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह द्वारा किया गया। समारोह की प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा जी ने कहा कि विद्या भारती के भैया बहन विज्ञान संस्कृति एवं खेल विधा में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, हमने विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान मेला संस्कृति के क्षेत्र में सांस्कृतिक ज्ञान परियोजना, खेलों के क्षेत्र में खेलकूद समारोह का आयोजन करते हुए बालक

के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। हम समाज पोषित संगठन हैं, यदि रचनात्मक और सृजनात्मक योजनाओं पर कार्य हो तो देश सशक्त होगा। हमारे बच्चों ने अपनी मेहनत से खेलो इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि आज देश ही नहीं दुनिया भर में भारत शिक्षा के श्रेष्ठ के रूप में उभरा है। इसके लिए मै विद्या भारती को धन्यवाद देता हूं। उन्होने कहा कि जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज होगा। विद्या भारती के द्वारा संचालित हमारे शिक्षण संस्थान शिक्षा के माध्यम से देश की संस्कृति और मूल्यों को बचाने में अहम भूमिका निभा रही है। खेल कूद प्रतियोगिता हम सबको टीम भावना से काम करते रहने की प्रेरणा देती हैं। उन्होने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेले हार जीत तो लगी रहती है। देखने वाली बात यह होगी कि आप इसे किस भावना से खेलते हैं। चार प्रांतों से आए हुए खिलाडियों ने अभिवादन संचलन किया जिसमे काशी प्रान्त, गोरक्ष प्रान्त, कानपुर प्रान्त एवं अवध प्रान्त के लगभग 500 खिलाडी भैया बहिन एवं उनके निर्णयको ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित हो चुके अतिथियों का छात्राओं ने बैच लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह के अंत में डॉ महेंद्र कुमार द्वारा आभार प्रकाशन किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से रामकृष्ण चतुर्वेदी, हेमचन्द्र जी, राममनोहर जी, हरेन्द्र जी, दिनेश सिंह जी, उमाशंकर जी, प्रशांत भाटिया, विभाग प्रचारक अनिल जी, ऋचा मिश्र, राजेंद्र बाबू सहित स्वागत समिति, विभिन्न विद्यालयों के












प्रबंध समिति के पदाधिकारी, खिलाडी, अभिभावक, आचार्य एवं विशिष्ट गणमान्य जन उपस्थित रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद किशोर वर्ग, शिशु वर्ग चक्का फेक बाल वर्ग, ऊंची कूद बाल वर्ग, 400 मीटर दौड़ शिशु वर्ग, 400 मीटर दौड़, तरुण वर्ग 300 मीटर दौड़ तरुण वर्ग ,5000 मीटर तेज चाल, 3000 मीटर तेज चाल, आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों को विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री डॉ शिवकुमार जी, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र जी, संयोजक एवं भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह प्रांत संगठन मंत्री काशी श्री राम मनोहर जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री उत्तम कुमार मिश्रा, संभाग निरीक्षक अवरीश कुमार, कैलाश चंद्र जी, श्याम मनोहर जी सहित विद्या भारती के अधिकारियों ने स्वर्ण कास्य एवं रजत पदक एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा 3000 मी दौड़ बालक तरुण वर्ग में विकास कानपुर नगर प्रथम, बबलू कुमार काशी नगर द्वितीय, तथा राजू यादव काशी ग्रामीण तृतीय रहे, वही 3000 बालिका तरुण वर्ग में श्वेता अवध नगरी प्रथम, संजीदा खातून काशी नगरी द्वितीय एवं प्राची कानपुर नगरी तृतीय रही। 800 मी तरुण वर्ग बालक वर्ग में शुभम कानपुर नगर प्रथम, कुलदीप अवध प्रांत नगरी द्वितीय, एवं शिवसागर गोरक्ष प्रांत नगरी तृतीय रहे। 800 मी बालिका तरुण वर्ग बहन निवेदिता राय कानपुर नगर प्रथम, रेश्मा पाल काशी ग्रामीण द्वितीय ,बहन अंशिका यादव अवध नगरी तृतीया, 100 मी किशोर वर्ग बालिका तृप्ति गोरख नगरी प्रथम, श्रद्धा








काशी नगरी द्वितीय, वंशिका अवध नगरी तृतीया स्थान पर रहीं। लंबी कूद बालिका तरुण वर्ग में वंदना शर्मा अवध नगरी प्रथम, स्वाति पाल काशी नगरी द्वितीय, अंकित गोरक्ष ग्रामीण तृतीया, लंबी कूद किशोर बालिका वर्ग में नंदिनी काशी नगरी प्रथम, लक्ष्मी काशी ग्रामीण द्वितीय, प्रतीक्षा अवध नगरी तृतीया रही। गोला फेंक 3 किलोग्राम तरुण वर्ग बालिका में जुनेरा खान अवध नगरी प्रथम, सूची सिंह गोरक्ष नगरी द्वितीय, दिव्यांशी सिंह काशी नगरी तृतीय रहीं। 400 मीटर बाधा दौड़ तरुण वर्ग बालिका जानवी कानपुर नगर प्रथम, भारतीय निषाद काशी नगरी द्वितीय, एवं अंजली गुप्ता गोरख ग्रामीण तृतीय रही। चक्का फेक बाल वर्ग रिशु कानपुर नगर प्रथम, श्वेतांक काशी नगर द्वितीय, आदित्य राय अवध नगरी तृतीय रहे। चक्का फेक तरुण वर्ग बालिका सुहानी सिंह काशी




नगर प्रथम, सुनेरा खान अवध नगरी द्वितीय, श्रेया गोरख नगरी तृतीय रही। गोला फेक किशोर बालक अंकुश पांडेय काशी नगर प्रथम, नवीन यादव काशी नगर द्वितीय, साजन बाबू कानपुर नगर तृतीय रहे। ऊंची कूद बालक वर्ग तरुण वर्ग आंसू अवध नगरी प्रथम, शाश्वत गोरख नगरी द्वितीय एवं सूरज सिंह काशी ग्रामीण तृतीय स्थान पर रहे।


भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित
विद्या भारती पूर्वी उ०प्र० का
३४ वाँ क्षेत्रीय खेलकूद समारोह-२०२३
युगाब्द ५१२५ वि० सं०-२०८० आश्विन शुक्ल द्वितीया से षष्ठी तक
दिनांक : 16 से 20 अक्टूबर 2023






विद्या भारती पूर्वी उ०प्र० का
३४ वाँ क्षेत्रीय खेलकूद समारोह


भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित
विद्या भारती पूर्वी उ०प्र० का
३४ वाँ क्षेत्रीय खेलकूद समारोह


भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित
विद्या भारती पूर्वी उ०प्र० का
३४ वाँ क्षेत्रीय खेलकूद समारोह


विद्या भारती पूर्वी उ०प्र० का
३४ वाँ क्षेत्रीय खेलकूद समारोह
कार्यक्रम

# अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न











लखनऊ। लखनऊ,सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आज अर्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात प्रगति रिपोर्ट दिखाई गई । बड़ी संख्या में अविभावकों ने अपने पाल्य के विषय में जानकारी प्राप्त की । आचार्य परिवार से मिलकर समस्याओं पर चर्चा की अपने बच्चे के विकास और उन्नति के लिए करणीय कार्यों को करने का आश्वासन दिया । प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने रीमिडियल क्लास, 2 नवम्बर से प्रत्येक विषय में चलाने की बात अभिभावकों को बताई तथा उनसे आग्रह किया कि अपने बच्चे को नित्य स्कूल भेजें तथा रिमिडियल क्लास में अवश्य भेजें । बिना सूचना के यदि कोई छात्र तीन दिन तक अनुपस्थित रहता है तो उसका नाम कट जायेगा । उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं को सुन कर उसे दूर करने की बात कही । जिन भईया बहनों की उपस्थित 75% से कम है वे रिमिडियल क्लास से उसे इंप्रूव कर सकते हैं। रिमिडियल क्लास लेने पर उनकी एक दिन की उपस्थिति और रेगुलर क्लास की उपस्थिति दो दिन मानी जायेगी । यदि उनकी उपस्थिति 75% से कम होगी तो वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठ पायेंगे। मोबाईल फोन विद्यालय लाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी । बड़ी संख्या में अविभावकों ने प्रधानाचार्य जी से मिलकर अपने बच्चे के विषय में जानकारी ली और न्यूनताओं को साझा किया।

# प्रान्तीय वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न







लखनऊ, त्रिदिवसीय निरीक्षण हेतु गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर रायबरेली से पधारे निरीक्षकों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भईया बहनों ने मधुर ध्वनि के घोष से आगंतुओं का स्वागत करते हुए पथ संचलन के साथ अतिथियों को सभा कक्ष तक पहुंचाया । मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद उप प्रधानाचार्य श्री आशीष जी ने अतिथि परिचय कराया तथा प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने अंगवस्त्र देकर सभी का स्वागत किया । वंदना सभा की आध्यात्मिक बेला में श्रीमान अंजनी कुमार बाजपेई कार्यवाहक प्रधानाचार्य गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायबरेली के नेतृत्व में, 5 सदस्यीय टीम के वरिष्ठ आचार्य श्री एस पी सिंह ने अपने सारगर्भित उद्‌बोधन में कहा कि–आप सभी पढ लिख कर बड़े बड़े पदों पर आसीन होंगे । आप विद्या मंदिर के भईया बहन हैं ,आप अपने व्यवहार में विनम्रता लाइए किसी से दुर्व्यवहार न करिए ,समाज की सेवा किसी भी रूप में करिए ।उन्होंने कृष्ण सुदामा की मित्रता का उल्लेख करते कई प्रसंगों के द्वारा बच्चों को प्रेरित किया । परोपकार करने तथा सदाचारी जीवन जीने की भी प्रेरणा दी । कार्यक्रम में आल इंडिया कराटे एसोसिएशन के द्वारा प्राप्त प्रमाणपत्र और येलो बेल्ट अतिथियों द्वारा प्रदान कर भैया बहनों को सम्मानित किया गया।

# अयोध्या संकुल

## वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न



अयोध्या। शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में प्रान्तीय निरीक्षण सम्पन्न हुआ। प्रान्त की टीम के पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज लखीमपुर के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह, जीव विज्ञान प्रवक्ता श्री विजय कुमार श्रीवास्तव, अंग्रेजी के विद्वान श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी व कार्यालय प्रमुख श्री राजेश कुमार ने विद्यालय की शिक्षण व शिक्षणेत्तर गतिविधियों का निरीक्षण किया।









# मेहदी प्रतियोगिता सम्पन्न

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर साकेत अयोध्या में करवा चौथ से पूर्व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख अभिभाविका बहने एवं विद्यालय के आचार्या बहनो ने मेहंदी लगवाई।





# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




विद्या भारती विद्यालय शिवलाल शर्मा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर तुलसी नगर अयोध्या में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्णायक के रूप में नितीश कुमार शुक्ला और शिवम जी उपस्थित रहे ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य/आचार्या श्रीमती ममता जी, श्री विनीत कुमार मिश्र, श्रीमती प्रियंका जी, प्रिया सिंह, कविता मिश्रा, शशि बाला तिवारी, नेहा पांडेय जी, अर्जुन जी,सुधीर जी,अंकिता यादव, ज्योतिष जी और सर्वानंद मिश्र ने अपना सराहनीय योगदान दिया ।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ओमप्रकाश तिवारी जी ने सभी भैया बहनों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कम्प्यूटर विषय की बैठक सम्पन्न







अयोध्या व अम्बेडकर नगर संकुल के कम्प्यूटर विषय पढ़ाने वाले सभी आचार्य जी व आचार्या जी की एक अति आवश्यक बैठक शिवदयाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज अयोध्या में सम्पन्न हुयी। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि श्री प्रवीण जी (वरिष्ठ पत्रकार, दैनिक जागरण अयोध्या) व प्रान्त संयोजक कम्प्यूटर विषय श्री इन्द्रेश शर्मा जी ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी ने सभी से कम्प्यूटर लिट्रेसी का अधिक प्रयोग करने



के लिए कहा। प्रान्तीय संयोजक ने आये हुए सभी कम्प्यूटर आचार्य जी से अपने विद्यालय कम्प्यूटर शिक्षा में कैसे आगे हो सके तथा अधिक से अधिक कम्प्यूटर का प्रयोग हो इस पर प्रकाश डाला। अम्बेडकर नगर के संकुल संयोजक श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह जी ने कम्प्यूटर विषय में आने वाली समस्याओं व उनके



समाधान के विषय में बताया। समापन सत्र में श्री रामजन्म भूमि ट्रस्ट के सम्मानित सदस्य डा. अनिल मिश्र जी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज कम्प्यूटर का युग है आज सबकुछ कम्प्यूटर से हो रहा है हमें इस तकनीकि में अपने नौनिहालों को आगे बढ़ाना होगा। विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख श्री लल्ला सिंह जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अयोध्या संकुल संयोजक श्री अमित पाण्डेय जी ने किया।















# मिठाई सन्देश देती है

विद्या दीपावली पर मिठाई बांटने के पीछे भी एक सोच होती थी क्योंकि हर मिठाई कुछ कहती है—

गौर कीजिए, मिठाइयों के कुछ ना कुछ संदेश.....😊

**रसगुल्लाः**

कोई फर्क नहीं पड़ता कि, जीवन आपको कितना निचोड़ता है,

अपना असली रूप सदा बनाये रखें

**बेसन के लड्डू :**

यदि दबाव में बिखर भी जाय तो, फिर से बंध कर लड्डू हुआ जा सकता है।

परिवार में एकता बनाए रखें

**गुलाबजामुन :**

सॉफ्ट होना कमजोरी नहीं है! ये आपकी खासियत भी है।

नम्रता एक विशेष गुण है

**जलेबी :**

आकार मायने नहीं रखता, स्वभाव मायने रखता है,

जीवन में उलझने कितनी भी हो, रसीले और सरल बने रहो

**सोहनपापड़ी :**

हर कोई आपको पसंद नहीं कर सकता, लेकिन बनाने वाले ने कभी हिम्मत नहीं हारी।

अपने लक्ष्य पर टिके रहो ००

**काजू कतली :**

अपने आप को इतना सस्ता ना रखे, कि राह चलता कोई भी आपका दाम पूछता रहे ! आंतरिक गुणवत्ता हमें सबसे अलग बनाती है

विनीत कुमार मिश्र

शिव लाल शर्मा स.शि.म.तुलसी नगर अयोध्या

# सीतापुर संकुल

## महर्षि बाल्मीकि जयन्ती मनायी गयी



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में मां सरस्वती की वंदना के उपरांत महर्षि वाल्मीकि (आदि कवि) जी की जयंती एवं शरद पूर्णिमा का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के मंत्री भैया द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अपने विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राकेश दीक्षित जी रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया/ बहनों ने अपने विचार प्रेरक प्रसंग एवं गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसियाजी ने महर्षि वाल्मीकि का  जीवन परिचय एवं शरद पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए ईश्वर में आस्था एवं विश्वास हमेशा बना रहे एवं सत्य के रास्ते पर चलते हुए अपने सभी कार्य समय से करने की प्रेरणा दी । कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया







# वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न



रामदुलारी मिश्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हरगांव सीतापुर का वार्षिक निरीक्षण टांडा से पधारे श्रीमान राम सुंदर शुक्ला व उनकी तेज प्रताप जी और वीरेन्द्र जी के द्वारा संपन्न किया गया निरीक्षक बन्धु ओ ने अपने अनुभवों के आधार पर विद्यालय की गतिविधियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया व अपने सुझावों से विद्यालय को लाभान्वित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विपिन बिहारी शुक्ला व्यवस्थापक श्री ललन बाबू शुक्ला ने सभी निरीक्षक बन्धुओ का धन्यवाद सआभार ज्ञापित किया ।

# दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया

सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी के दिशा निर्देशन में दीपोत्सव (दीपावली ) का कार्यक्रम मनाया गया , इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिशुभारती प्रमुख आचार्य श्री पुष्पेंद्र आचार्यजी ने किया , कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रामचंद्रजी ने दीपावली , धनतेरस , भैया दूज आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला , इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने रंग बिरंगे दीपों के द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया , विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया राम , सीता व लक्ष्मण की सुंदर झांकी के रूप में आकर्षण का केंद्र रहे , विद्यालय के भैया / बहिनों ने कार्यक्रम में भाषण गीत भजन आदि के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया , कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी ने हम लोगों का मार्गदर्शन किया , इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य / आचार्या बहनों की सहभागिता रही , कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया। शुक्ला व्यवस्थापक श्री ललन बाबू शुक्ला ने सभी निरीक्षक बन्धुओ का धन्यवाद सआभार ज्ञापित किया ।






# लखीमपुर संकुल

## लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी






देश के उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती उनके चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण कर मनाई गई । इस अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री धनुषधारी द्विवेदी जी ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा काल में ही उन्होंने एक ऐसे अध्यापक के विरुद्ध आंदोलन खड़ाकर उन्हें सही मार्ग दिखाया जो अपने ही व्यापारिक संस्थान से पुस्तकें क्रय करने के लिए छात्रों के बाध्य करते थे। सन् 1908 में वे विलायत की अंतरिम परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास कर बैरिस्टर बन गए। फौजदारी वकालत में उन्होंने खूब यश और धाक जमाई। महात्मा गांधी ने जब पूरी शक्ति से अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन चलाने का निश्चय किया तो पटेल ने अहमदाबाद में एक लाख जन–समूह के सामने लोकल बोर्ड के मैदान में इस आंदोलन की रूपरेखा समझाई। उन्होंने पत्रकार परिषद में कहा, ऐसा समय फिर नहीं आएगा, आप मन में भय न रखें। चौपाटी पर दिए गए भाषण में कहा, आपको यही समझकर यह लड़ाई छेड़नी है कि महात्मा गांधी और अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाएगा तो आप न भूलें कि आपके हाथ में शक्ति है कि 24 घंटे में ब्रिटिश सरकार का शासन खत्म हो जाएगा।

उन्होंने पत्रकार परिषद में कहा, ऐसा समय फिर नहीं आएगा, आप मन में भय न रखें। चौपाटी पर दिए गए भाषण में कहा, आपको यही समझकर यह लड़ाई छेड़नी है कि महात्मा गांधी और अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाएगा तो आप न भूलें कि आपके हाथ में शक्ति है कि 24 घंटे में ब्रिटिश सरकार का शासन खत्म हो जाएगा। सितंबर, 1946 में जब नेहरू जी की अस्थाई राष्ट्रीय सराकर बनी तो सरदार पटेल को गृहमंत्री नियुक्त किया गया। अत्यधिक दूरदर्शी होने के कारण भारत मे विभाजन के पक्ष में पटेल का सपष्ट मत था कि जहरवाद फैलने से पूर्व गले–से अंग को ऑपरेशन कर कटवा देना चाहिए। नवंबर,1947 में संविधान परिषद की बैठक में उन्होंने अपने इस कथन को स्पष्ट किया, मैंने विभाजन को अंतिम उपाय मे रूप में तब स्वीकार किया था जब संपूर्ण भारत के हमारे हाथ से निकल जाने की संभावना हो गई थी । उनका यह कथन भी कितना सटीक था भारत में केवल एक व्यक्ति राष्ट्रीय मुसलमान है– जवाहरलाल नेहरू शेष सब सांप्रदायिक मुसलमान हैं। 15 दिसंबर 1950 को प्रातःकाल 9.37 पर इस महापुरुष का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया, जिसकी क्षति पूर्ति होना दुष्कर है। यह की सच है कि गांधी ने कांग्रेस में प्राणों का संचार किया तो नेहरू ने उस कल्पना और दृष्टिकोण को विस्तृत आयाम दिया। इसके अलावा जो शक्ति और संपूर्णता कांग्रेस को प्राप्त हुई वह सरदार पटेल की कार्यक्षमता का ही परिणाम था। आपकी सेवाओं, दृढ़ता व कार्यक्षमता के कारण ही आपको लौहपुरुष कहा जाता है। आज भी हम भारत के ताजा परिप्रेक्ष्य पर गौर करें, तो देश का लगभग आधा भाग सांप्रदायिक एवं विघटनकारी राष्ट्रद्रोहियों की चपेट में फंसा दिखाई देता है, ऐसी संकट की घड़ी में सरदार पटेल की स्मृति हो उठना स्वभाविक है। ज्ञातव्य है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के सामने ज्वलंत प्रश्न था कि छोटी–बड़ी 562 रियायतों को भारतीय संघ में कैसे समाहित किया जाए। जब इस जटिल कार्य को जिस महापुरुष ने निहायत सादगी तथा शालीनता से सुलझाया, वे थे आधुनिक राष्ट्र निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल। राष्ट्र आपके द्वारा किए गये इस महान कार्य के लिए सदैव कृतज्ञ व ऋणी रहेगा । इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया/बहिन , आचार्य बंधु/आचार्या बहिने उपस्थित रही।



# प्रान्तीय निरीक्षण किया गया



श्री तेज महिंद्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कला खीरी में प्रांतीय योजना अनुसार तीन दिवसीय विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न हुआ। निरीक्षण के प्रथम दिवस पर सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज केशव नगर बाराबंकी से पधारे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान शैलेन्द्र प्रताप सिंह, बलराम तिवारी जी, हरी कान्त तिवारी जी, श्याम जी गुप्त का विद्यालय द्वार पर तिलक व अक्षत लगाकर स्वागत किया गया । जलपान के पश्चात आये हुए निरीक्षक बंधुओं ने विद्यालय के कार्यालय , छात्र उपस्थिति पंजी, विभाग पंजी, आचार्य दैनन्दिनी आदि का निरीक्षण किया । दूसरे दिन



का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष आये हुए अतिथि बंधुओं ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया । अतिथि परिचय विद्यालय के यशश्वी प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह जी ने कराया । वंदना सभा को सम्बोधित करते हुए सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज केशव नगर बाराबंकी के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह जी ने बताया कि विद्या भारती का उद्देश्य है कि निरीक्षण के माध्यम से विद्यालय समस्त गतिविधि ठीक हो व एक – दूसरे के अच्छे कार्यों का आदान प्रदान हो सके। विद्यालय की प्रशंसा करते हुए बताया कि प्रधानाचार्य, प्रबंध समिति व आचार्यों के अच्छे व्यवहार व ताल–मेल के कारण पलिया का यह विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आने वाले समय में और अच्छा होगा। वंदना के बाद सभी शिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया । अवकाश के पश्चात समस्त आचार्य परिवार व प्रधानाचार्य जी के साथ बैठक की तथा निहालीपुरवा में चल रहे संस्कार केंद्र का भी निरीक्षण किया । तृतीय दिवस पर अतिथि महानुभावों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के पश्चात शिशु भारती, छात्र सांसद व कन्या भारती की बहिनों के साथ बैठक की । विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान राम बचन तिवारी जी व प्रधानाचार्य जी परिवार सहित उपस्थित होकर प्रांतीय निरीक्षक टीम को अंग वस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया ।




# कम्प्यूटर संयोजक बैठक सम्पन्न




विद्या भारती विद्यालय डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में कम्प्यूटर विषय की संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सर्वेश कुमार बाजपेई जी ने कराया। कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित किया गया । प्रथम उद्घाटन सत्र में मंचासीन अतिथियों में विद्यालय के उपाध्यक्ष श्री प्रवीण प्रकाश बरनवाल जी, संकुल प्रमुख डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह जी प्रधानाचार्य पं दीनदयाल उपाध्याय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड, कम्प्यूटर विषय के प्रांत संयोजक श्री इंद्रेश कुमार शर्मा जी , संकुल विषय संयोजक श्री अमित वर्मा जी, सह संयोजक श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव जी, श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्र जी प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर बेलरायां तथा क्षेत्रीय प्राथमिक शिक्षा प्रमुख श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ल जी उपस्थित रहे। बैठक में कम्प्यूटर विषय के प्रमुख बिंदु जैसे कंप्यूटर विषय की गुणवत्ता एवं विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की




योजना, प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा विद्यालय में कम्प्यूटर परिषद की स्थिति इत्यादि पर चर्चा वार्ता हुई। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक श्री ज्ञान स्वरूप शुक्ल जी का उद्‌बोधन सभी आगंतुक आचार्य बंधु भगिनियों को प्राप्त हुआ। विद्यालय के उपाध्यक्ष श्री प्रवीण प्रकाश वरनवाल जी द्वारा सभी को आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं आचार्य बंधु भगिनियों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सर्वेश कुमार बाजपेई जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री श्याम वल्लभ शुक्ल जी ने किया। लखीमपुर संकुल के 12 विद्यालयों के कम्प्यूटर विषय के 19 आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे। विद्यालय के संरक्षक जी ने सभी को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।















# यातायात के नियम बताए गये



सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर में जनपद के यातायात निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव जी का आगमन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुनेन्द्र दत्त शुक्ल ने अतिथि परिचय कराते हुए उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथि महानुभाव ने भैया/बहनों को सड़क पर पैदल चलते समय एवं वाहन से चलते समय के नियम बताते हुए कहा कि पैदल चलते समय बाई ओर फुटपाथ पर चलें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। चौपहिया वाहन से यात्रा करते समय शीट बेल्ट अवश्य लगायें।सड़क पार करते समय जेब्रा लाइन का उपयोग करें एवं दाएं बाएं देखकर सड़क पार करें। चौराहों पर लगे प्रकाश के संकेतों अथवा ट्रैफिक पुलिस के सिपाही के संकेतों का अवश्य पालन करें।अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री उत्तम कुमार मिश्र ने आए हुए अतिथि महानुभाव के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

# अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गयी



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड लखीमपुर खीरी में अग्निशमन सेवा लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित नगर क्षेत्र हेतु दीपावली त्यौहार एवं अन्य त्योहारों में अग्नि सुरक्षा उपायों को भैयाओं को बताने हेतु प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल वर्मा जी द्वारा विद्यालय में भैयाओं को अकस्मात आग लग जाने की स्थिति में अग्निशमन सिलेंडर के द्वारा कैसे सिलेंडर का लॉक खोल कर आग बुझाई जाती है बच्चों को बताया गया तथा यह बताया कि आग लगने पर शोर मचाकर मकान के समस्त लोगों को आगाह कीजिए ताकि सभी लोग बाहर निकल सकें तथा अपने क्षेत्र के फायर स्टेशन का टेलीफोन नंबर याद रखिए पुलिस थाने पर भी आग की सूचना दी जा सकती है फायर ब्रिगेड को सूचना देते समय घबराई हुई आवाज में मत बोलिए फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक हर संभव उपाय से आग बुझाने की कोशिश कीजिए घी ,तेल ,पेट्रोलियम की आज को पानी से मत बुझाइए वरन फोम एक्सटिंग्यूशर या मिट्टी और बालू से बुझाइए





अपने कपड़ों में आग लगने पर भागिए नहीं हो सके तो कंबल लपेटिए अथवा जमीन पर लेटकर लुढ़के इस अवसर पर फायरमैन प्रमोद कुमार कनौजिया जी, प्रमोद कुमार पांडे जी, दीपक कुमार जी भी उपस्थित थे इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह जी ने बच्चों को बताया की दीपावली के अवसर पर दिए तथा मोमबत्तियां को सावधानी पूर्वक जलाएं त्योहार के अवसर पर घर के बाहर या सुरक्षित स्थान पर ही पटाखो को सावधानीपूर्वक छुड़ाएं बच्चे यदि छोटे हैं तो बड़े लोगों को वहां पर उपस्थित रहना चाहिए अच्छा होगा यदि एक बाल्टी पानी बचाव के लिए पहले से भरकर रख लें दीपक चलाते समय ढीले ढाले कपड़े ना पहने घर में बिजली के कटे फटे तारों को तुरंत बदलवा दें या मरम्मत करा लें सही ढंग का फ्यूज लगा ले तथा एक ही प्लग पर कई यंत्र ना चलाएं इससे भी कभी–कभी आग लग जाती है इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रथम स्थान प्राप्त हुआ





राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के 31 वी जिला स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन में विद्यालय के जूनियर वर्ग के भैया रमन बाजपेई और आदर्श वर्मा की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शनी के लिए चयनित हुयी। प्रत्येक वर्ग से तीन–तीन पुरस्कार होते हैं सर्वाधिक पुरस्कार विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई को प्राप्त हुए।

# लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल व नरेन्द्र देव की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी

पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू.पी.बोर्ड व डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मन्दिर में लौहपुरूष बल्लभभाई पटेल व नरेन्द्र देव की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी।

















# प्रान्तीय निरीक्षण सम्पन्न







विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड व सी.बी.एस.ई) का प्रान्तीय योजनानुसार निरीक्षण सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर में आज की वन्दना सभा में प्रान्तीय योजनानुसार विद्यालय का निरीक्षण करने के लिए आये हुए अतिथि महानुभाव डॉ0 बृजेन्द्र कुमार मिश्र (प्रधानाचार्य, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा), श्री संजय पाण्डेय (जीव विज्ञान प्रवक्ता, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा), श्री राम बालक मिश्र (अंग्रेजी प्रवक्ता, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा), श्री विष्णुदेव मिश्र (सहायक कार्यालय प्रमुख, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा) व श्री प्रदीप रस्तोगी (वरिष्ठ कम्प्यूटर प्रवक्ता, लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर) उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित 34वाँ अखिल भारतीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त भैया स्वरित तिवारी व मण्डल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तृतीय तथा जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त भैया तत्सत को डॉ0 बृजेन्द्र कुमार मिश्र







(प्रधानाचार्य, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा) नें मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रथम दिवस निरीक्षण टीम नें कार्यालय, उपस्थित पंजी, विभागीय पंजी का निरीक्षण किया व सांय को संस्कार केन्द्र का निरीक्षण किया श्री राम बालक मिश्र (अंग्रेजी प्रवक्ता, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा) नें संस्कार केन्द्र के भैया/बहनों को भगवान श्रीराम के चरित्र के बारे में बताकर संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात डॉ0 बृजेन्द्र कुमार मिश्र (प्रधानाचार्य, विद्या मन्दिर, मालवीय नगर, गोण्डा) नें संस्कार केन्द्र के भैया/बहनों को कहानी के माध्यम से किसी विषय वस्तु को रटने की बजाय समझने का गुरूमंत्र दिया। आज निरीक्षण टीम नें विद्यालय की सभी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रबन्ध समिति, पूर्व छात्र भैयाओं व विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्या के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सी.बी.एस.ई. में निरीक्षण टोली का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान के नेतृत्व में समस्त आचार्य परिवार ने किया।वंदना सभा में मंचासीन आतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य श्री अरविन्द सिंह चौहान जी ने कराया।मंचासीन अतिथियों में विद्यालय प्रबंधक श्री रवि भूषण साहनी जी, प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह जी सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ,आचार्य श्री उमेश मिश्र जी प्रवक्ता वाणिज्य,श्री गंगाधर द्विवेदी प्रवक्ता अंग्रेजी व श्री धर्मेंद्र ओझा प्रवक्ता गणित उपस्थित रहे। निरीक्षण के प्रथम दिन निरीक्षण टोली ने सबसे पहले विद्यालय द्वारा महेवागंज मे संचालित संस्कार केंद्र व कार्यालय का निरीक्षण प्रारम्भ किया गया।







निरीक्षण के दूसरे दिन निरीक्षण टोली के समक्ष घोष के भैयाओं के द्वारा घोष का प्रदर्शन किया गया व भैया बहनों के द्वारा रोली बैच लगाकर पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया। इसी क्रम में निरीक्षण टोली के साथ मात्रभारती की बैठक का आयोजन किया गया तत्पश्चात पुरातन छात्र परिषद के भैयाओं के साथ भी बैठक की गई। इसी दिन कार्यालय का निरीक्षण भी गहनता पूर्वक किया गया। निरीक्षण टोली में आए हुए आचार्यों ने प्रत्येक कक्षा में जाकर निरीक्षण कार्य देखा, कक्षा में उपस्थित भैया बहनों से प्रश्नोत्तर किये व उनकी पाठय पुस्तकों व कॉपियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण टोली के द्वारा 34 वी राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता अंडर 14 बालक वर्ग में भैया कृष्णा तिवारी, अंडर 14 बालिका वर्ग में बहन सुभी वर्मा,अंडर 17 वर्ग में बहन समीक्षा शाक्य,'अंडर–19 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर ळथ्थ् के लिए क्वालिफाई करने वाली बहन आयुषी सिंह व स्तुति खरे को वंदना मंच पर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के भैया रमन बाजपेई और आदर्श वर्मा की टीम ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के 31 वीं प्रतियोगिता में बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया,इनकी टीम को अपने



प्रोजेक्ट के साथ राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन प्रतियोगिता में भाग लेने जाना है। इनका प्रोजेक्ट पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए एआई का प्रयोग कर मानव जीवन के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाना,पर बनाया गया था।निरीक्षण टीम के द्वारा भैया रमन को भी इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान रवि भूषण साहनी जी व कोषाध्यक्ष श्री विमल अग्रवाल जी द्वारा निरीक्षण टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




# विद्यालय का निरीक्षण सम्पन्न

अस्तल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मोहम्मदी खीरी में तीन दिवसीय प्रांतीय वार्षिक निरीक्षण हेतु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इंदिरा नगर से आए अतिथि महानुभावों ने विद्यालय के वार्षिक निरीक्षण में भैया /बहिनों की शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का बिन्दुवार निरीक्षण किया। निरीक्षक महानुभाव श्री गोपाल राम मिश्र प्रधानाचार्य ,बद्री प्रसाद जी एवं राजेश जी ने 5 नवंबर को विद्यालय लेखा एवं विभागीय पंजियों का निरीक्षण किया। प्रातः 6 नवंबर को वंदना बेला से लेकर समस्त शैक्षिक गतिविधियों एवं योग व्यायाम बेला का बिंदुवार निरीक्षण किया ।वन्दना सभा में नन्हे– मुन्ने भैया /बहनों द्वारा राम, लक्ष्मण व सीता की मनमोहक झांकी व गीत ने सभी का मनमोह लिया । वंदना सभा में बहिन प्रसिद्धि गुप्ता व बहिन सौम्या शर्मा ने अतिथि महानुभावों का रोली व बैज लगाकर स्वागत किया । आगन्तुक अतिथि महानुभावों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पवन कुमार वर्मा ने कराया।







# मातृ समिति का गठन किया गया




सरस्वती शिशु मंदिर/शिशु वाटिका गोला में मातृ सम्मेलन एवं मातृ भारती पदाधिकारी का गठन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अंजू भोगल–प्राचार्य गुरु नानक डिग्री कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री अपूर्वा शर्मा महिला चौकी इंचार्ज कोतवाली गोला और विद्यालय के व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद गंगवार जी उपस्थित रहे। मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही साथ शैक्षिक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।





# दीपावली उत्सव मनाया गया



सनातन धर्म सरस्वती शिशु मन्दिर लखीमपुर में सरस्वती वंदना स्थल पर दीपावली का पर्व पूर्ण हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ वंदना के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर अनेक भैया बहनों ने धनतेरस से लेकर भैया दूज तक के पर्वों के बारे में हिंदी एवं अंग्रेजी में अपने विचार रखे। विद्यालय की संगीत प्रमुख आचार्या श्रीमती मोनिका सक्सेना ने दीपावली से संबंधित गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। श्रीमती पूजा मिश्रा ने भैया दूज, शिशु भारती प्रमुख आचार्य श्री विजय शंकर तिवारी ने धनतेरस, श्री उत्तम जी ने नरक चतुर्दशी, सुश्री ममता सिंह ने गोवर्धन पूजा एवं श्री हेमनाथ जी ने दीपावली की कथा विस्तार से भैया बहनों के समक्ष रखी। इस अवसर पर शिशु मंदिर का समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# विद्यालय में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के साथ मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम



विद्या भारती विद्यालय सरजू सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बेलरायां–खीरी में प्रात वंदना सभा में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस तथा महर्षि धन्वन्तरि की जयंती मनाई गई। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान अजीत सिंह जी ने आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी। साथ ही आयुर्वेद का जीवन में महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला स साथ ही औषधीय पौधों का रोपण,औषधीय पौधों पर निबंध, औषधीय पौधों की खेती की जानकारी,हर्बल कीट नियन्त्रण की विधियों की जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय में श्रीमान प्रधानाचार्य जी



व NCC प्रभारी श्री मुनीश दीक्षित व भैय्याओं के द्वारा औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही साथ विद्यालय में दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। वरिष्ठ आचार्य श्री पवन कुमार सिंह जी ने भैय्या/बहनों को दीपावली के बारे में संक्षेप में बताया। व्यवस्था प्रमुख आचार्य श्री विनीत कुमार तिवारी जी ने भैय्या/ बहनों को दीपावली के त्योहार को मनाने के साथ ही साथ सावधानी बरतने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में श्रीमान प्रधानाचार्य जी ने भैया/ बहनों व समस्त आचार्य परिवार को दीपावली की शुभकामनायें दी।









# दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया






पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड व सी.बी.एस.ई) व सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज में दीपोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यू.पी.बोर्ड में कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के





प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ओझा जी नें बताया कि दीपावली का त्यौहार हम सभी के जीवन में विशेष महत्व रखता है जिसे भारत के अलावा कई अन्य देश जैसे– नैपाल, मलेशिया



आदि में हिन्दू समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है यह रोशनी का त्यौहार है इसे हम दीपकों के साथ–साथ पटाखों से भी मनाते हैं लेकिन पटाखों से न केवल वायु प्रदूषण अपितु ध्वनि प्रदूषण भी होता है। पटाखे हमें कुछ समय तो अच्छे लगते हैं परन्तु इनके द्वारा देश की वायु प्रदूषित हो जाती है। अतः हमें इस बार रोशनी युक्त तथा पटाखा और चाइनीज सामान मुक्त दीपावली मनाने की शपथ लेनी चाहिए। इसके बाद भैया वंश मिश्रा, भैया वैभव मिश्रा व भैया शिवा मनार नें हिन्दी वक्तव्य तथा भैया अर्पित तिवारी नें अंग्रेजी वक्तव्य प्रस्तुत किये। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें कहा कि इस वर्ष हम लोग प्रतिज्ञा करें कि केवल भारत में बने उत्पादों से ही अपने घरों को सजायेंगे और लोकल के लिए वोकल बनेंगे। हम युवा ही अपने देश को एक बेहतर स्थान बना सकते हैं और इसकी अर्थव्यवस्था को सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हमें इस त्यौहार को प्रेम और हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए, ना कि इस तरह से जिससे हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचे। इस अवसर पर वर्गशः रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 12 तक सभी भैयाओं नें प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के सह प्रबन्धक श्री रवि भूषण साहनी जी ने सभी विद्यालय



परिवार को दीपावली की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हम विद्यालय को न0 एक बने रहने के लिए नए उत्साह के साथ अपना कार्य नवाचार के साथ करें जिससे समाज में विद्यालय के प्रति आत्मीयता और अधिक बढ़े। तत्पश्चात सभी विद्यालय परिवार को उपहार देकर पुनः दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बालिका विद्यालय में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा बाजपेयी ने छात्राओं व उन्हे प्रोत्साहित करने वाली आचार्या सुश्री राखी, श्रीमती रूचि तिवारी व श्रीमती डाली मिश्रा की प्रशंसा की व छात्राओं को त्योहार प्रेम व उल्लास से मनाने को कहा।








सी.बी.एस.ई. विद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यालय के प्राइमरी के भैया बहनों के द्वारा भगवान श्री राम की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इसी क्रम में वंदना मंच के द्वारा सुंदर–सुंदर भजनों की प्रस्तुत की गई। विद्यालय की सीनियर वर्ग की बहनों के द्वारा भगवान श्री राम के भजन पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के आचार्या बहन श्रीमती निधि मिश्रा जी के द्वारा प्रस्तुत भजन ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इसी क्रम में विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा विज्ञान विषय से संबंधित प्रोजेक्ट का सभी के सामने प्रदर्शन किया गया। जिसमें भैयाओं के द्वारा बनाए गए तोप व मिसाइल के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम व उनके पूरे परिवार का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने उपस्थित सभी भैया बहनों व आचार्य परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान रवि भूषण साहनी जी ने उपस्थित भैया बहनों को दीपावली

के महत्व को समझाया बहनों को इको फ्रेंडली दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की तरह उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने माता–पिता की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों,भैया बहनों,कर्मचारी भैयाओं व आचार्य परिवार का आभार व्यक्त किया व सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।














# स्वावलम्बी पूर्व छात्र कार्यक्रम सम्पन्न हुआ







विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड) लखीमपुर खीरी में स्वावलम्बी पूर्व छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री सुरेश कुमार सिंह जी सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक ने मॉ स्रस्वती के आगे दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। सम्भाग निरीक्षक श्री सुरेश कुमार सिंह जी नें मुख्य अतिथि की भूमिका में पूर्व छात्रों का मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम में अक्ष्यक्ष के रूप में पूर्व छात्र भैया अतुल कुमार वर्मा, सचिव के रूप में पूर्व छात्र भैया डा0 जयराम व सह सचिव के रूप में पूर्व छात्र भैया डा0 आनन्द गुप्ता का सर्वसम्मित से मनोयन हुआ। डा0 जयराम नें पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय व विद्या भारती के प्रति प्रत्येक प्रकार से सहयोग करने के लिए सभी पूर्व छात्रों का आवहन किया। पूर्व छात्र भैया उज्ज्वल श्रीवास्तव व भैया अंकित तिवारी नें भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया। पूर्व छात्र भैयाओं नें संस्मरण सुनाये उन्होंने बताया कि आज 2005 के बाद विद्यालय में आ कर वैसा ही अनुभव हो रहा है जैसे हम पढ़ने के लिए आया करते थे दिल में एक ऐसी खुशी की अनुभूति हो रही है जिसको बयान नहीं किया जा सकता है। विद्यालय के प्रबन्धक श्री विमल अग्रवाल जी, सदस्य श्री अजय





कुमार शुक्ल जी व बालिका विद्या मन्दिर की प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा बाजपेयी जी नें कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थित रहकर छात्रों के संस्मरण व सुझावों को आत्मसात किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें पूर्व छात्र परिषद की उपादेयता पर प्रकाश डाला। विद्यालय के सह प्रबन्धक श्री रवि भूषण साहनी जी नें सभी के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए छात्रों से शिक्षा के ऋण को अपनी सेवाओं द्वारा उऋण होने की बात सुझायी। पूर्व छात्र भैया उत्कर्ष शुक्ला एवं पूर्व छात्र प्रमुख आचार्य श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी जी ने कार्यक्रम का संचालन किया।















# रायबरेली संकुल

# प्रान्तीय निरीक्षण सम्पन्न हुआ



बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज लालगंज रायबरेली का निरीक्षण आज वंदना सभा से प्रारंभ हुआ । अंबेडकरनगर जय बजरंग पब्लिक इण्टर कॉलेज से श्रीमान प्रधानाचार्य दीपक कुमार जी और उनकी टीम में संजय कुमार ग्वाला, विजय कुमार विश्वकर्मा, धीरेंद्र कुमार यादव जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। वंदना सभा में विद्यालय के वन्दना प्रमुख आचार्य सूर्यकांत मिश्र जी ने अतिथियों का परिचय कराया । छात्रों ने वन्दना सभा में समाचार पत्र वाचन , प्रेरक प्रसंग से आज के दिन की शुरुवात की । खेल प्रमुख आचार्य बद्री विशाल जी ने योगाभ्यास कराया । आचार्य बैठक में श्रीमान प्रधानाचार्य जी सत्येंद्र शुक्ला जी ने आचार्यों का परिचय कराया ।





# कम्प्यूटर विषय की संकुल स्तरीय बैठक सम्पन्न






प्रांतीय योजनानुसार रायबरेली संकुल के विद्या मन्दिर व शिशु मन्दिर में कम्प्यूटर विषय का शिक्षण करने वाले आचार्य जी की संकुल स्तरीय बैठक गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय में सम्पन्न हुयी। बैठक का प्रारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर हुआ। प्रान्तीय सह संयोजक श्री आशीष अग्रवाल ने आये हुये सभी कम्प्यूटर के विशेषज्ञों को कम्प्यूटर विषय की गुणवत्ता के बारे में बताया। उन्होने इस बैठक का उद्देश्य भी सभी को समझाया। बैठक के मुख्य अतिथि श्री जे. डी.द्विवेदी सेवानिवृत्त प्राचार्य डिग्री कालेज रायबरेली ने कम्प्यूटर की महत्ता पर प्रकाश डाला। संकुल संयोजक श्री श्रवण कुमार सिंह ने बैठक का सफल संचालन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रविन्द्र मोहन मिश्रा जी आये हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा सभी को उपहार देकर विदा किया।











# प्रान्तीय निरीक्षण सम्पन्न हुआ





प्रांतीय योजना के अनुसार गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का तीन दिवसीय निरीक्षण , सरस्वती विद्या मंदिर टांडा अंबेडकर नगर से पधारे यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्र, भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता श्री सुधीर पांडे, वाणिज्य के प्रवक्ता श्री हरिशंकर जी , अंग्रेजी के प्रवक्ता श्री राम आशीष सिंह, रसायन विज्ञान के प्रवक्ता श्री आशुतोष कुमार जी एवं कार्यालय प्रमुख प्रमोद पांडे विद्यालय निरीक्षण करने के लिए पधारे हुए हैं आज वंदना सभा में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए स वंदना सभा में श्री अंजनी वाजपेई ने अतिथियों का परिचय कराया महानुभावों का स्वागत अंग वस्त्र एवं बैज लगाकर किया गया स प्रधानाचार्य श्री काली प्रसाद मिश्र ने वंदना सभा में भैया, बहनों को अपने विचार से प्रेरित किया भैया एवं बहनों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आप सभी समय का पालन एवं अनुशासन जीवन में लाएं कठिन परिश्रम करें और आगे बढ़े यही मेरी शुभकामना है । शिक्षाविद श्री जे.डी. द्विवेदी जी ने भी भैया बहनों को आशीर्वचन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रविंद्र मोहन मिश्रा ने सभी के प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट किया ।

# उन्नाव संकुल



# प्रान्तीय योजनानुसार निरीक्षण सम्पन्न हुआ

प्रान्तीय योजनानुसार सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज शुक्लागंज उन्नाव में आनन्दी देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज सीतापुर के प्रधानाचार्य श्री रामनिवास सिंह व उनकी टीम के द्वारा निरीक्षण सम्पन्न किया गया। सर्वप्रथम एन0 सी0सी0 की ड्रिलिंग का अवलोकन किया पश्चात शारीरिक प्रदर्शन का अवलोकन किया । उसके पश्चात वन्दना सत्र का शुभारंभ हुआ जिसमें अभ्यागतों का स्वागत विद्यालय की वन्दना प्रमुख बहिनों ने रोली तिलक लगाकर व बैज अलंकरण कर किया । वन्दना स्थल पर आसनस्थ होंने के पश्चात विद्यालय के कक्षा नवम ।1 के भैया अर्जुन रावत ने आज का सुविचार रखा, कक्षा 10 ।2 की बहिन मोनिका शाह ने प्रश्नोत्तरी ,कक्षा 9 ।2 की बहिन दिव्या यादव ने म्दहसपी छमू, कक्षा 9 ।2 की बहिन सुहानी रावत ने हिंदी समाचार , कक्षा 9 ।1के भैया अभिनव सिंह ने प्रेरक प्रसंग व कक्षा 9 ।2 की बहिन कीर्ति द्विवेदी ने विद्या भारती का ` हमारा लक्ष्य ` प्रस्तुत किया । पश्चात अभ्यागत अधिकारियों के द्वारा माँ वीणापाणि के चरणों में पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया । पश्चात विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने निरीक्षण टोली का परिचय कराया व अभ्यागत प्रधानाचार्य श्री रामनिवास सिंह जी को विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री शिव सिंह जी ने अंगवस्त्र से स्वागत किया इसी क्रम में श्री श्रवण कुमार जी का श्री श्याम नारायण जी ने , प्रवीण दीक्षित जी का मनोज सिंह जी ने , अनिल कुमार सिंह जी को संतोष कुमार जी ने व स्थानीय सेवा निवृत्त जीव विज्ञान के प्रवक्ता श्री कमल किशोर शुक्ला जी का श्री राहुल पांडेय जी ने स्वागत किया । अन्त में अभ्यागत प्रधानाचार्य श्री रामनिवास सिंह जी के द्वारा भैया बहिनों के द्वारा हस्तलिखित पत्रिका अभिव्यंजना का विमोचन किया गया व भैया बहिनों का मार्गदर्शन कर सफलता के कुछ



टिप्स दिए । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी ने किया । दोपहर के बाद छात्र संसद , कन्या भारती , मेधावी छात्रों की बैठक व अन्त में अवकाश के बाद आचार्यों की बैठक हुई और प्रधानाचार्य श्री रामनिवास सिंह जी के द्वारा निरीक्षण के तमाम न्यूनताओं व अच्छाइयों का विवरण प्रस्तुत किया गया व कुछ सुझाव भी दिए गए जिनका समस्त आचार्य परिवार ने स्वागत किया ।









# कम्प्यूटर विषय संयोजकों की बैठक सम्पन्न









उन्नाव संकुल के सभी विद्यालयों के कंप्यूटर प्रमुख आचार्य आचार्या जी की एक आवश्यक बैठक सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर शुक्लागंज उन्नाव में प्रांतीय प्रतिनिधि माननीय आशीष अग्रवाल जी की अध्यक्षता में उन्नाव कंप्यूटर संकुल प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य श्री अनुपम सिंह जी की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें सभी प्रतिभागी विद्यालयों के आचार्य आचार्या जी ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया साथ में यह भी चर्चा हुई कि भविष्य में यदि आवश्यकता हुई तो कंप्यूटर प्रयोगशाला की कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार की बैठक के लिए प्रधानाचार्य श्री अनुपम सिंह जी सभी का आभार व्यक्त किया।

# बाराबंकी संकुल



## कम्प्यूटर विषय की बैठक सम्पन्न





सरस्वती विद्या मन्दिर माडल हाउस लखनऊ में बाराबंकी व लखनऊ संकुल में कम्प्यूटर विषय का शिक्षण करने वाले सभी शिक्षकों की बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सह प्रान्त संयोजक कम्प्यूटर विषय श्री आशीष अग्रवाल जी, माडल हाउस के प्रधानाचार्य श्री रामसागर तिवारी जी, बाराबंकी संकुल संयोजक श्री विपुल शर्मा जी व लखनऊ संकुल के संयोजक श्री आमोद कुमार जी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, वंदन कर बैठक का प्रारम्भ किया। इस अवसर पर साकेत के सम्भाग निरीक्षक श्री अवरीश कुमार जी का आशीर्वाद सभी को प्राप्त हुआ। उन्होने कम्प्यूटर विषय की उपयोगिता व महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम्प्यूटर आज की अनिवार्यता बन चुका है। बिना कम्प्यूटर ज्ञान के हम कोई कल्पना भी नही कर सकते हैं। श्री आशीष अग्रवाल जी ने बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला। इस बैठक में बाराबंकी संकुल व लखनऊ संकुल में कम्प्यूटर शिक्षण करने वाले सभी आचार्य/आचार्या जी उपस्थित रहीं।

# हरदोई संकुल



# धनतेरस का त्योहार मनाया गया

सरस्वती दीपावली के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मन्दिर विष्णुपुरी हरदोई में वंदना सभा में धनतेरस के दिन भैया /बहिनों ने दीपावली के महत्व को बताया एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान उमेश कुमार सिंह ने प्रकाश पर्व के विषय में विधिवत बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह दीपावली के पर्व को हर्षोल्लास से कैसे मनाया जाए तथा दीपावली को 5 दिन की श्रृंखला का त्यौहार बताया। तथा विद्यालय के आचार्य श्री सुशील जी ने कार्यक्रम का संचालन किया।





# अम्बेडकर नगर संकुल

# निरीक्षण कार्य सम्पन्न हुआ



भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रांत द्वारा प्रांतीय वार्षिक निरीक्षण विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर लखीमपुर से प्रधानाचार्य श्रीमान अरविंद सिंह चौहान जी के नेतृत्व में निरीक्षक टोली श्री अमित कुमार सिंह, श्री आशीष बाजपेई जी, श्री प्रणीत अग्निहोत्री जी, श्री मनोज जी एवं श्री कमलेश गुप्ता जी ने शिक्षणेत्तर गतिविधियों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया।









# बहराइच संकुल



## विशाल कक्ष का लोकार्पण किया गया




सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज माधवपुरी बहराइच में विशाल हाल का शिलान्यास एवं दो शिक्षण कक्ष का उद्घाटन माननीय श्री कौशल जी प्रान्त प्रचारक जी सांसद बहराइच व विधान परिषद् सद्स्य श्री पदम सेन चौधरी जी के द्वारा किया गया ।





# बलरामपुर संकुल




## प्रान्तीय निरीक्षण सम्पन्न

सरस्वती शिशु मन्दिर तुलसीपुर बलरामपुर में प्रान्तीय निरीक्षक श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्र व श्री वीरेन्द्र विक्रम सिंह जी के द्वारा वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न हुआ। प्रातः काल से ही विद्यालय की दिनचर्या के साथ निरीक्षक बन्धुओं का निरीक्षण के साथ–साथ विद्यालय की वंदना कक्षा –कक्ष निरीक्षण –कार्यालय भैया ,बहनों का शारीरिक ,शिशु भारती विभाग के भैया =बहनों के साथ बैठना हुआ। एक–एक विभाग पर विधिवत चर्चा वार्ता हुई। विद्यालय के सह व्यवस्थापक जी के साथ विद्यालय के विकास से संबंधित चर्चा वार्ता हुई। उसके पश्चात विद्यालय स्टाफ के साथ भी बैठना हुआ। सभी आचार्य आचार्या बहनों ने विद्यालय को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।







# प्रान्तीय निरीक्षण धूमधाम से सम्पन्न




प्रांतीय योजना अनुसार वार्षिक निरीक्षण के क्रम मे विगत तीन दिनों से चल रहे सरस्वती शिशु / विद्या मन्दिर इंटर कालेज रमना पार्क बलरामपुर का निरीक्षण का कार्य पूर्ण हुआ। शिव दयाल जयसवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज आयोध्या के प्रधानाचार्य श्री अवनि कुमार शुक्ल जी सहित चार सदस्यी टीम ने निरीक्षण किया। कार्यालय का लेखा विभाग की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को सुधारने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दूसरे दिवस में वंदना विभाग से लेकर पठन– पाठन, विद्यालयी अनुशासन, शिक्षण प्राणली, शारीरिक विभाग की गतिविधियों का सूक्ष्म दृष्टि से निरीक्षण किया। इसके पश्चात विद्यालय द्वारा संचालित संस्कार केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र की संचलिका बहन पुष्पा रानी के कार्यों की सराहना की। निरीक्षण से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम तीरथ यादव जी ने आये हुए निरीक्षण कर्ताओं का वंदना स्थल पर स्वागत करते हुए परिचय कराया। इस मौके पर विद्यालय के सभी आचार्यगण मौजूद रहे। निरीक्षण के अंतिम दिवस में छात्र संसद, कन्या भारती, मातृ भारती, प्रबन्ध समिति, पूर्व छात्र के साथ बैठक कर विद्यालय के विकास व अनुशासन के लिए सभी के विचार को जाना एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुझाव दिये। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया।






# गोण्डा संकुल

## संकुल स्तरीय कम्प्यूटर बैठक सम्पन्न











सरस्वती विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा में संकुल स्तरीय कंप्यूटर शिक्षको की बैठक सम्पन्न हुई। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि श्री हनुमान सिंह जी विसेन व प्रान्तीय संयोजक श्री इन्द्रेश कुमार शर्मा जी ने विद्यालयो में कम्प्यूटर के कार्यों की उपयोगिता पर व्यापक प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रांतीय कम्प्यूटर संयोजक श्री इन्द्रेश जी व गोण्डा संकुल के संयोजक श्री देवशरण जी ने कम्प्यूटर शिक्षकों को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर विषय के संकुल प्रमुख श्री विजयकान्त जी ने भी कम्प्यूटर विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बहराइच संकुल संयोजक श्री अजय गांधी, बलरामपुर संकुल संयोजक श्री संतोष कुमार शुक्ला के साथ–साथ तीनो संकुल के कम्प्यूटर शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की।


# अति महत्वपूर्ण तिथियां

## माह नवम्बर–

| | | |
|---|---|---|
| 18 कार्तिक शुक्ल पंचमी | शनिवार | भाऊरस देवरस, रानी लक्ष्मीबाई जयन्ती (कार्यक्रम) |
| 24 कार्तिक शुक्ल द्वादशी | शुक्रवार | गुरू तेगबहादुर बलिदान दिवस (अवकाश) |
| 24–27 का.शु. द्वादशी–पूर्णिमा | शु.से सो. | अ.भा. वैदिक गणित प्रतियोगिता |
| 25–27 का.शु. त्रयोदशी–पूर्णिमा | श. से सो. | अ.भा. संस्कृति महोत्सव |
| 27 कर्तिक पूर्णिमा | सोमवार | गुरूनानक जयन्ती (अवकाश) |
| 30 मार्गशीष कृष्ण तृतीय | गुरूवार | विज्ञान दिवस व जगदीश चन्द्र वसु जयन्ती (कार्यक्रम) |
| | | विद्यालय स्तरीय दक्षता वर्ग |

## माह दिसम्बर–

| | | |
|---|---|---|
| 7 मार्गशीष कृष्ण दशमी | गुरूवार | राष्ट्रीय झण्डा दिवस (कार्यक्रम) |
| 10 मार्गशीष कृष्ण त्रयोदशी | रविवार | विश्व मानवधिकार दिवस (कार्यक्रम) |
| द्वितीय सप्ताह | | तृतीय द्विमासिक परीक्षा |
| 14 मार्गशीष शुक्ल द्वितीय | गुरूवार | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (कार्यक्रम) |







**भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश**
**अवध प्रान्त**